करेंट अफेयर्स

03 फरवरी 2022

बिहार विशेष

बिहार की चार योजनाएँ जिसे केंद्र ने अपनाया

चर्चा में क्यों– केंद्र सरकार ने गंगा नदी के किनारे केमिकल फ्री जैविक कॉरीडोर बनाने की बजट में घोषणा की। बिहार की यह चौथी योजना है जिसे केंद्र ने अपनाकर राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया है। इसके पूर्व हर घर बिजली, हर घर नल जल योजना और राज्य सरकार की जीविका मिशन को केंद्र सरकार राष्ट्रीय स्तर पर लागू कर चुकी है।

जैविक खेती के लिए विशेष कॉरीडोर– वर्तमान में राज्य के 13 जिलों में यह योजना संचालित है। इसके तहत गंगा किनारे स्थित 13 जिलों में विशेष कॉरीडोर विकसित कर जैविक खेती को बढ़ावा दिये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

हर घर नल का जल योजना– 2016 में 'सात निश्चय' के तहत बिहार सरकार ने इसकी शुरूआत की थी।

हर घर बिजली योजना– इसे भी बिहार सरकार द्वारा सात निश्चय के तहत शुरू किया गया था।

जीविका मिशन– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर इसकी शुरूआत की गयी थी। पहले यह स्वयं सहायता समूह के नाम से कुछ जिलों में चल रही थी। बाद में इसे 'जीविका मिशन' नाम दिया गया। बाद में केंद्र सरकार इस योजना को अपनाते हुए इसे 'आजीविका नाम' दिया।

केंद्रीय बजट में बिहार के लिए बहुत कुछ

चर्चा में क्यों– लोकसभा में पेश किये गये आम बजट (2022–23) में बिहार या किसी अन्य राज्य के लिए अलग से घोषणा नहीं की गई है, लेकिन कई घोषणाओं का बिहार को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा।

1. **हर घर नल योजना**– केंद्र सरकार ने बिहार सरकार के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को स्वीकारते हुए 2022–23 में देश भर के 3.8 करोड़ घरों में पानी का कनेक्शन पहुँचाने का लक्ष्य रखा है।

   बिहार में 2016 में शुरू होते समय 1.72 करोड़ घरों का लक्ष्य रखा गया था, उनमें 1.65 करोड़ परिवारों तक योजना का लाभ पहुँच चुका है।

2. **प्रधानमंत्री आवास योजना**– इसके तहत 2022–23 में 80 लाख घर बनाये जाने का प्रावधान किया गया है।

   बिहार में अब तक 26 लाख 94 हजार 118 आवास स्वीकृत हो चुके हैं। योजना को पूरा करने में बिहार देशभर में तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय औसत 78 फीसदी और बिहार की उपलब्धि 86 फीसदी है।

3. **आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम**– बिहार के 13 जिलों को आकांक्षी जिला कार्यक्रम में शमिल किया गया है। इनमें कटिहार, बेगूसराय, शेखपुरा, अररिया, सीतामढ़ी, खगड़िया, पूर्णिया, औरंगाबाद, बांका, गया, जमुई, मुजफ्फरपुर और नवादा शामिल हैं।

4. **डाकघरों को कोर बैंकिंग से जोड़ना** – वित्त मंत्री ने सभी डाकघरों को कोर बैंकिंग से जोड़े जाने की घोषणा की है।

   बिहार में कुल डाकघरों की संख्या 9109 है। उनमें 1073 मुख्य डाकघर हैं। ये सभी दो माह पहले ही कोर बैंकिंग से जुड़ चुके हैं। देश में 75 डिजिटल बैंकिंग सेक्टर खोले जाने का लाभ बिहार को भी मिलेगा।

5. **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**– बिहार में इसके तहत बड़े पैमाने पर सड़कें बनायी जा रही है। वित्त मंत्री ने 2022–23 में इसके लिए बजट आकार 14

हजार करोड़ से बढ़ाकर 19 हजार करोड़ करने की घोषणा की है।

6. **गंगा किनारे जैविक कृषि**– बजट में घोषणा की गई है कि गंगा नदी के किनारे पाँच किमी चौड़े कॉरीडोर के दायरे में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

बिहार में गंगा नदी लगभग 500 किमी की लंबाई में बहती है। जैविक खेती से गंगा के जल की गुणवत्ता में सुधार के साथ किसानों को वित्तीय मदद भी मिलेगी। योजना राज्य में 2016 से ही चल रहीं है, बजट में आने के बाद यह बिहार में खेती के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है।

7. **प्रधानमंत्री गतिशक्ति मास्टर प्लान**– बजट में इसके तहत युवाओं को फायदा पहुँचाने की बात कही गयी है। स्टार्टअप शुरू करने के मौके मिलेंगे।

इस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और अमृतसर कलकत्ता इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर यहाँ से गुजरने की वजह से औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

8. **दूरदर्शन पर क्लास**– प्रधानमंत्री ई–विद्या योजना के तहत एक चैनल एक क्लास योजना का विस्तार कर 200 ई–विद्या टीवी चैनल खोले जाएंगे। इसमें कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के बच्चे ऑनलाइन एवं डिजिटल फार्म में पढ़ सकते हैं। पढ़ाई क्षेत्रीय भाषाओं में दी जाएगी। इससे बिहार में मैथिली, भोजपुरी और अंगिका जैसी क्षेत्रीय भाषाओं के विकास में बड़ी मदद मिलेगी। बिहार में इन भाषाओं की शैक्षणिक सामग्री के कंटेंट पहले से मौजूद हैं।

केंद्रीय टैक्स पूल से बिहार को अतिरिक्त सात हजार करोड़ रूपये

चर्चा में क्यों– केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट 2022–23 में बिहार समेत सभी राज्यों के लिए अतिरिक्त राशि देने की व्यवस्था की गई है।

मुख्य बिंदु– केंद्रीय टैक्स पूल से राज्यों को मिलने वाली हिस्सेदारी में 9.5% की बढ़ोतरी की गई है।

इससे बिहार को नये वित्तीय वर्ष में इस मद में करीब सात हजार करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे।

IPL नीलामी में पहली बार बिहार के खिलाड़ी शामिल

चर्चा में क्यों– आइपीएल की प्लेयर्स नीलामी में पहली बार बिहार के क्रिकेटरों को शामिल किया गया है।

मुख्य बिंदु– 01 फरवरी, 2022 को स्क्रूटनी के बाद जारी 540 खिलाड़ियों की सूची में बिहार के छह क्रिकेटरों को रखा गया है। इनमें प्रत्यूष सिहं, अनुज राज, अभीजीत साकेत, विपुल कृष्णा, लखन राजा और अनुनय नारायण सिंह शामिल हैं।

बिहार का बजट सत्र

चर्चा में क्यों– 01 फरवरी, 2022 को राज्य कैबिनेट की बैठक में बजट सत्र से संबंधित निर्णय लिये गये।

मुख्य बिंदु– बिहार विधानमंडल का बजट सत्र 25 फरवरी से शुरू होगा और यह 31 मार्च तक चलेगा।

इस सत्र के दौरान राज्य सरकार 28 फरवरी को वर्ष 2022–23 का बजट पेश करेगी।

बिहार में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि

चर्चा में क्यों– भारत सरकार की ओर से जारी 2021–22 के आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार कोरोना के प्रहार के बाद भी बिहार ने अपनी अर्थव्यवस्था की रफ्तार को थमने नहीं दिया है।

मुख्य बिंदु– बिहार की अर्थव्यवस्था में उछाल के कारण बिहार के प्रति व्यक्ति औसत सालाना आमदनी 1221 रूपये बढ़ गई है।

वित्तीय वर्ष	जीडीपी (करोड़ में)	प्रति व्यक्ति आय
2019–20	5,43,377	45,071 रूपये
2020–21	5,66,465	46,292 रूपये
बढ़ोतरी	23,088	1221 रूपये

वाल्मिकी टाइगर रिजर्व में मोर

चर्चा में क्यों– बिहार का इकलौता वाल्मिकी टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में राष्ट्रीय पक्षी मोर की संख्या हजारों में पहुँच चुकी है।

मुख्य बिंदु– मोर की बढ़ती संख्या को देखते हुए वीटीआर

प्रशासन ने पाँच वन क्षेत्रों में मोरों के अधिवास क्षेत्र बनाने का निर्णय लिया है।

अन्य बिंदु– भारत में राष्ट्रीय पक्षी घोषित होने के बाद भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत मोर को सुरक्षा प्रदान की गई है।

'नीला मोर' भारत, नेपाल और श्रीलंका में पाए जाते हैं तथा जावा इंडोनेशिया और म्यांमार में 'हरा मोर' पाए जाते है। इसके अलावा अफ्रीका के वर्षावनों में 'कोगो मोर' मिलते हैं। भारत में मोर हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, वृंदावन और तमिलनाडु में सबसे अधिक पाए जाते हैं।

मुजफ्फरपुर शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल

चर्चा में क्यों– हाल ही में नीति आयोग ने आकांक्षी जिलों की दिसंबर 2021 की रैंकिंग जारी की है।

मुख्य बिंदु– इसमें शिक्षा के क्षेत्र में मुजफ्फरपुर देश में शीर्ष स्थान पर है। 52.6 स्कोर के साथ उसे पहला स्थान मिला है। पाँच क्षेत्रों में प्रगति की जारी रिपोर्ट में शिक्षा के क्षेत्र में सर्वाधिक 9.2 अंक की वृद्धि हुई है।

राज्य सरकार और टाटा टेक में करार

चर्चा में क्यों– 31 जनवरी, 2022 को बिहार सरकार और टाटा के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किय गया।

मुख्य बिंदु– इस समझौते का उद्देश्य राज्य के सभी 149 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करना है। इस परियोजना के तहत कुल निवेश 4606 करोड़ रूपये का होगा। टाटा टेक की ओर से 23 नए एडवांस कोर्स संचलित होंगे।

पहले चरण में 60 आईटीआई को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें उद्योग क्षेत्र की जरूरतों के हिसाब से युवाओं को ट्रेनिंग की सुविधा और फिर शिक्षण की व्यवस्था होगी। दूसरे चरण में शेष आईटीआई को इसी पैटर्न पर विकसित किय जाएगा।

बिहार में टीकाकरण में पुरूषों से महिलाएँ आगे

चर्चा में क्यों– हाल ही में जारी स्वास्थ्य विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार कोरोना टीकाकरण में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं ने अधिक डोज ली है।

कुल टीकाकरण टॉप पाँच राज्य

	राज्य	कुल टीकाकरण
1.	उत्तर प्रदेश	25.97 करोड़
2.	महाराष्ट्र	14.79 करोड़
3.	पश्चिम बंगाल	12.14 करोड़
4.	बिहार	11.21 करोड़
5.	मध्य प्रदेश	10.93 करोड़

सर्वाधिक महिला भागीदारी वाले टॉप पाँच राज्य–

	राज्य	महिलाओं का हिस्सा
1.	केरल	52.3%
2.	आंध्र प्रदेश	52.0%
3.	पुडुचेरी	51.7%
4.	तमिलनाडु	51.3%
5.	बिहार	51.0%

राष्ट्रीय

NIPER का रिसर्च पोर्टल

चर्चा में क्यों– हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (NIPER) के अनुसंधान पोर्टल का वर्चुअल रूप से लांच किया।

मुख्य बिंदु– NIPER का यह रिसर्च पोर्टल MSME सेक्टर की मदद करेगा। आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक मॉडल विकसित करने के लिए NIPER उद्योगों से जुड़ सकता है।

सुरक्षा

महिला लड़ाकू पायलट की वायु सेना में नियुक्ति की योजना स्थायी

चर्चा में क्यों– 01 फरवरी, 2022 को रक्षा मंत्रालय ने वायु सेना (IAF) में महिला लड़ाकू पायलट को शामिल करने की प्रायोगिक योजना को स्थायी योजना में बदलने का फ्रैसला किया है।

अन्य बिंदु– 2018 में फ्लाइंग ऑफिसर अवनि चतुर्वेदी ने

अकेले लड़ाकू विमान, मिग 21 उड़ाकर, ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। 2020 में नौसेना ने डार्नियर समुद्री लड़ाकू विमान पर महिला पायलटों की नियुक्ति का एलान किया था। नौसेना ने विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य सहित लगभग 15 अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों पर 28 महिला अधिकारियों को तैनात किया है। वहीं भारतीय थल सेना ने साल 2019 में मिलिट्री पुलिस में महिलाओं की भर्ती की शुरूआत की थी।

देश की पहली महिला राफेल जेट पायलट हैं फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिवांगी सिंह। 2021 में, फ्लाइट लेफ्टिनेंट भावना कंठ IAF की झांकी का हिस्सा बनने वाली पहली महिला फाइटर जेट पायलट बनीं।

महत्वपूर्ण दिवस

राष्ट्रीय महिला आयोग स्थापना दिवस

चर्चा में क्यों– 31 जनवरी, 2022 को 30वें राष्ट्रीय महिला आयोग स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल मोड में भाग लिया।

मुख्य बिंदु– वर्तमान में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष हैं रेखा शर्मा।

राष्ट्रीय महिला आयोग का गठन 1992 में राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 के तहत एक सांविधिक निकाय के रूप में किया गया था।

खेल–कूद

उन्नति हुडा

चर्चा में क्यों– हरियाणा की उन्नति हुडा ने 30 जनवरी, 2022 को ओडिशा में हुए 2022 बैडमिंटन टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीत लिया है।

मुख्य बिंदु– इस जीत के साथ उन्नति सुपर 100 टूर्नामेंट जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बन गई हैं। उन्नति की उम्र 14 साल है। उन्होंने फाइनल मुकाबले में स्मित तोश्नीवाल को सीधे गेम में 21–18, 21–11 से हराया।

अन्य बिंदु– पुरूषों के एकल वर्ग में 21 वर्षीय किरण जॉर्ज विजेता बने। ओडिशा ओपन 2022 बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत 25 जनवरी, 2022 को कटक के जवाहर लाल नेहरू इनडोर स्टेडियम में हुई थी।

करेंट अफेयर्स एक नजर

03 फरवरी 2022

PERFECTION IAS

/PerfectionIAS

- राष्ट्रीय महिला आयोग स्थापना दिवस मनाया जाता है – 31 जनवरी
- देश की पहली स्पोर्टस यूनिकार्न बनने वाली टीम है – चेन्नई सुपरकिंग्स
- NIPER का रिसर्च पोर्टल लांच किया गया है – स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा
- 'फियरलेस गर्वेनेंस' पुस्तक की लेखिका हैं – किरन बेदी
- ओडिशा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2022 में महिला एकल का खिताब जीतने वाली खिलाड़ी है– उन्नति हुडा
- नीति आयोग के 2021 के उपाकांक्षी जिलों की रैंकिंग में शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान पर है – मुजफ्फरपुर जिला
- हवासोंग–12 बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण करने वाला देश है – उत्तर–कोरिया
- दुनिया का सबसे बड़ा कैनाल लॉक बनाने वाला देश है – नीदरलैंड
- भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन खोला गया है – गुरूग्राम में
- महिला एशिया हॉकी कप 2022 की विजेता है – जापान

DO FOLLOW OUR 67th BPSC MAINS SPECIFIC EDITORIAL DAILY

103, KUMAR TOWER, BORING RD. CROSSING PATNA

More information call us 9155090871/72/73

www.perfectionias.com VISIT OUR WEBSITE